पहुंच सड़कों द्वारा गांवों को जोड़ना

3173. **चौधरी हरमोहन सिंह यादवः** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार प्रत्येक गांव को पहुंच सड़क द्वारा जोडने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) उन गांवों की राज्यवार संख्या कितनी है जिनको अब तक पहुंच सडक के साथ जोड़ दिया गया हैः

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटिल): (क) से (ग) सभी श्रेणी के गांवों को संपर्क सड़कों से जोड़ना राज्य का विषय है और इस प्रयोजन के लिए राज्य सरकारों ने अपनी वार्षिक योजना में निधियां प्रदान की हैं। इसके अतिरिक्त योजना आयोग ग्रामीण सड़कों के निर्माण सहित न्युनतम बुनियादी सेवाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों को अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता प्रदान करता है।

(घ) 1000 और इससे अधिक की जनसंख्या वाले उन गांवों, जिन्हें संपर्क से जोड़ा जा चुका है, की राज्यवार संख्या विवरण में दी गई है।

विवरण

नयूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत बारहमासी सड़कों के साथ 1000 तथा उससे ऊपर की जनसंख्या वाले गांवों की संख्या को जोड़ना

राज्य	गांवों की कुल संख्या	1995-96 तक सड़कों से जुड़े गांवों की कुल संख्या
1. आंध्र परदेश	13467	11467
2. अरूणाचल प्रदेश	81	71
3. असम	3719	3719
4. बिहार	14332	9359
5. गोवा	226	201
6. गुजरात	8300	8292
7. हरियाणा	3470	3468
8. हिमाचल प्रदेश	459	450
9. जम्मू व कश्मीर	1178	1035
10. कर्नाटक	8396	6915
11. केरल	1262	1262
12. मध्य प्रदेश	7337	5742
13. महाराष्ट्र	11328	11162
14. मणिपुर	277	268
15. मेघालय	109	109
16. मिजोरम	342	342
17. नागालैंड	240	240
18. उड़ीसा	6173	5811
19. पंजाब	3346	3346
20. राजस्थान	5707	5280
21. सिक्किम	69	64
22. तमिलनाडु	6432	6424
23. त्रिपुरा	535	535
24. उत्तर प्रदेश	22295	18529
25. पश्चिम बंगाल	10428	6705
26. अंडमान निकोबार	31	31
27. चंडीगढ़	16	16
28. दादरा और नागर हवेली	38	38
29. दमन और दीव	15	15
30. दिल्ली	160	160
31. लक्षद्वीप	--	--
32. पांडिचेरी	84	84
	344	344
कुलः	129852	111320

National Mission for Housing

3174. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that 66 per cent of the total housing shortage in the country is in the rural areas;